भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 952

11 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान

952. डॉ. प्रशांत नन्दा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) 2001 में स्थापित किया गया था, और 22 वर्षों बाद भी यह संस्थान समुचित रूप से स्थापित नहीं हुआ है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किए गए इस संस्थान को पुनर्जीवित करने के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(ग) संस्थान के लिए निधियन का स्रोत क्या है और क्या सरकार संस्थान को संबल प्रदान करने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध करा रही है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) की स्थापना और पंजीकरण वर्ष 2001 में सोसाइटी अधिनियम 1860 के तहत की गई थी। इनके निदेशक मंडल की संरचना को सितम्बर, 2022 को संशोधित किया और दिनांक 15.02.2023 से एक पूर्णकालिक निदेशक को नियुक्त किया गया। अल्पकालिक और दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन सूची तैयार करने हेतु शैक्षणिक परिषद का गठन किया गया है। बीपीएनएसआई के प्रशासनिक व्यय का वित्तपोषण संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) से प्राप्त अनुदानों और संस्थान द्वारा सृजित आन्तरिक राजस्व द्वारा किया जाता है।

*****